दूरभाष सं0:– 05278–245957
फैक्स सं0:– 05278–248123
ई–मेल:– rmlauregistrar@gmail.com

डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
Dr. Rammanohar Lohia Avadh University, Ayodhya (U.P.)

पत्रांक : लो0अ0वि0 / स0प्र0 / 312 / 2020 **दिनाँक : 14 मई, 2020**

अधिसूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोविड–19 के दृष्टिगत शासन द्वारा किये गये लॉकडाउन के अनुपालन में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा काउन्टर के माध्यम से उपाधि वितरण की प्रक्रिया को स्थगित किया गया है। उपाधि उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नांकित आदेश जारी किये गये है, जिसका पालन किया जाना अनिवार्य है :–

- ऐसे छात्र/छात्रा जो उपाधि हेतु ऑनलाइन आवेदन करना चाहते है, उन्हे उपाधि शुल्क के साथ पोस्टल चार्जेज का भी ऑनलाइन भुगतान करते हुए आवेदन फार्म को पूरित करना होगा। आवेदन फार्म में उपलब्ध कराये गये आवेदक के पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि को प्रेषित किया जायेगा।
- ऐसे छात्र/छात्रा जो उपाधि हेतु पूर्व में ही आवेदन कर चुकें है, एवं पोस्टल चार्जेज का भुगतान नहीं किये है, वे छात्र/छात्रा विश्वविद्यालय की वेबसाइट rmlau.info पर जा कर अपने उपाधि आवेदन के पूर्व में निर्गत रजिस्ट्रेशन नम्बर के माध्यम से अपने पते का विवरण भरते हुए पोस्टल चार्जेज का भुगतान करना होगा। तदोपरान्त आवेदन फार्म में उपलब्ध कराये गये आवेदक के पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि को प्रेषित किया जायेगा।
- विश्वविद्यालय में प्रोविजनल प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने की सुविधा ऑनलाइन उपलब्ध है। ऑनलाइन निर्गत प्रोविजनल प्रमाण पत्र का सत्यापन किसी भी संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाइट rmlau.info पर जा कर Verify Certificate लिंक के माध्यम से सत्यापन किया जा सकता है।

उक्त आदेशानुसार लॉकडाउन की अवधि में किसी भी छात्र/छात्रा को विश्वविद्यालय परिसर में आकर उपाधि प्राप्त किये जाने की आवश्यकता नहीं है। विश्वविद्यालय काउन्टर के द्वारा उपाधि/प्रमाण पत्र किसी भी दशा में वितरित नहीं किया जायेगा।

भवदीय,

14/5/2020
उप–कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक .... दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित की उक्त सूचना को अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराने कष्ट करें।
2. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
3. आशुलिपिक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
4. प्रोग्रामर, ई0डी0पी0 विभाग को इस आषय के साथ प्रेषित कि उक्त को विश्वविद्यालय की वेबसाइट तथा महाविद्यायों के लॉगिन–आई0डी0 पर अपलोड करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
5. समस्त सम्बन्धित को सूचनार्थ।

उप–कुलसचिव